प्रेस विज्ञप्ति

होम क्रेडिट ने पहली बार ऋण लेने वाले ग्राहकों की आकांक्षा पूरी की

नयी दिल्ली, 26 अप्रैल, 2016: दवा की एक दुकान चलाने वाले 35 वर्षीय अभिषेक कुमार पिछले साल एक मोबाइल फोन की जरूरत पूरी करने के लिए एक फाइनेंस कंपनी तलाश रहे थे। पहली बार ऋण लेने वाले कुमार का यह सपना होम क्रेडिट से एक आसान ऋण के ज़रिए पूरा हुआ। अभिषेक इतनी आसानी से यह ऋण मिलने से बहुत खुश थे और इसी साल के आखिर में होम क्रेडिट से ऋण लेकर एक दोपहिया वाहन खरीदने की उनकी योजना है। आज होम क्रेडिट से ऋण लेने वाले अन्य लोगों की तरह अभिषेक ने भी एक स्वस्थ क्रेडिट स्कोर का निर्माण किया है।

होम क्रेडिट इंडिया फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड भारत की तेज़ी से बढ़ रही गैर-बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों (एनबीएफसी) में से एक है जो कंज्यूमर फाइनेंस समाधानों के ज़रिए लोगों की प्रगति में सहायता करती है। वर्ष 2015–16 में दिल्ली एनसीआर में इस कंपनी के पहली बार ऋण लेने वाले 31 प्रतिशत ग्राहक इस कंपनी से दूसरी बार ऋण लेने के पात्र हैं। वास्तव में 14 प्रतिशत ग्राहकों ने कंपनी से दूसरी बार ऋण लेकर एक स्वस्थ क्रेडिट स्कोर बनाया है।

होम क्रेडिट इंडिया फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य विपणन अधिकारी श्री थॉमस ह्विडिलिका के मुताबिक, ''होम क्रेडिट में हमारा लक्ष्य प्रथम बार ऋण लेने वाले ऐसे ग्राहकों की पहली पसंद बनना है जो वित्त का एक विश्वसनीय एवं विनियमित स्रोत तलाश रहे हैं। हमें इस बात का गर्व है कि हम उपेक्षित वर्गों को उपभोक्ता ऋण की मुख्य धारा में लाकर देश में वित्तीय समावेश को गति देने में सफल रहे हैं। भारत में हमारी सतत वृद्धि से इस बात को लेकर हमारा विश्वास बढ़ा है कि इस महत्वपूर्ण वृद्धि वाले बाजार में उपभोक्ता ऋण के लिए सबसे विश्वसनीय पसंद बनने का हमारा दीर्घकालीन उद्देश्य जल्द ही हासिल हो जाएगा।''

कंपनी की भारत के 13 राज्यों में 40 से अधिक शहरों में उपस्थिति है। 3,000 से अधिक प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस) के मजबूत नेटवर्क के जरिए होम क्रेडिट 5 लाख से अधिक ग्राहकों को सेवाएं दे रही है। कंपनी होम क्रेडिट बी.वी. का हिस्सा है जो एक अंतरराष्ट्रीय कंज्यूमर फाइनेंस कंपनी है और जिसका परिचालन यूरोप, एशिया और उत्तरी अमेरिका में 11 देशों में फैला है। होम क्रेडिट की पेशकश में मुख्यतौर रूप से ऐसे पात्र ग्राहकों को इन-स्टोर फाइनेंसिंग (खुदरा दुकानों में सीधे गैर-नकदी ऋण) की सुविधा दी जाती है जो होम एप्लायंसेज़, लैपटॉप/टैबलेट, इलेक्ट्रॉनिक सामान, मोबाइल फोन और दोपहिया वाहन जैसे टिकाऊ उपभोक्ता सामान खरीदने की संभावना तलाश रहे हैं।

कंपनी वर्तमान में दिल्ली एनसीआर, जालंधर, चंडीगढ़, लुधियाना, जयपुर, लखनऊ, पुणे, भोपाल, इंदौर, कानपुर, मुंबई, अहमदाबाद, बेंगलूरू, कोयंबटूर, जोधपुर, हैदराबाद, चेन्नई, कोटा, जबलपुर, कोच्चि, आगरा, नागपुर, रायपुर, सूरत, नासिक, मैसूर, मदुरै, विजाग में परिचालन कर रही है और जल्द ही यह कई और शहरों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगी। होम क्रेडिट इंडिया का मुख्यालय गुड़गांव में है और इसके कर्मचारियों की कुल संख्या करीब 8,000 है एवं बढ़ रही है।

होम क्रेडिट इंडिया के बारे में:

होम क्रेडिट इंडिया फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड एक अग्रणी उपभोक्ता वित्त सेवा प्रदाता कंपनी है जोकि आसान, पारदर्शी और सभी तक पहुंच में आने वाले वित्तीय समाधान की पेशकश कर ऋण के प्रसार एवं वित्तीय समावेश के लिए प्रतिबद्ध है। भारत की अग्रणी गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) में से एक होम क्रेडिट इंडिया का परिचालन देश में 13 राज्यों में करीब 40 शहरों में है। कंपनी के पास 3,000 से अधिक प्वाइंट ऑफ सेल्स (पीओएस) का एक मजबूत नेटवर्क है जहां यह 8,000 से अधिक कर्मचारियों के जरिए पांच लाख से अधिक ग्राहकों को सेवाएं दी जा रही हैं। होम क्रेडिट इंडिया के बारे में और जानकारी www.homecredit.co.in वेबसाइट पर उपलब्ध है।

होम क्रेडिट इंडिया, होम क्रेडिट बी.वी. (एचसीबीवी) का हिस्सा है जो यूरोप और एशिया के 11 देशों में उपभोक्ता ऋण उपलब्ध कराने के कारोबार में लगी है। समूह में करीब 70,000 कर्मचारी कार्यरत हैं जो अभी तक 1,75,000 प्वाइंट ऑफ सेल, ऋण कार्यालयों, शाखाओं और डाक घरों के जबरदस्त वितरण नेटवर्क के जरिए करीब 5 करोड़ ग्राहकों को सेवाएं दे चुके हैं। एचसीबीवी के बारे में और सूचना *www.homecredit.net* पर उपलब्ध है।

एचएसबीवी के बारे में और सूचना www.homecredit.net. पर उपलब्ध है।

होम क्रेडिट इंडिया के बारे मे और सूचना www.homecredit.co.in पर उपलब्ध है।

अन्य जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:

पल्लवी शर्मा / निधि शर्मा

मोबाइल : 09650258707/ 09711121757

Pallavi@kommune.in / nidhi@kommune.in